## संपादकीय

# टीएमसी सांसद को तगड़ा झटका

दिल्ली हाई कोर्ट से तृणमूल कांग्रेस के सांसद साकेत गोखले को तगड़ा झटका लगा है। केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी की पत्नी लक्ष्मी पुरी को मानहानि के मामले में कोर्ट ने उन्हें पचास लाख रुपये का हर्जाना देने का निर्देश दिया है।

लक्ष्मी संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक सचिव हैं। अदालत ने माफीनामा प्रमुख अंग्रेजी अखबार में छपवाने और इसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करने को भी कहा है, जो छह माह तक नजर आना चाहिए। लक्ष्मी की याचिका के अनुसार गोखले ने 2021 में 13 और 23 जून को पुरी दंपति पर 2006 में स्विट्जरलैंड में काले धन से घर खरीदने की बात कही थी। गोखले द्वारा पोस्ट किया गया था कि स्विस बैंक खातों और विदेशी काले धन के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय धन शोधन की जांच करे।

अदालत ने वादी के खिलाफ आगे भी कोई अपमानजनक सामग्री प्रकाशित करने से रोका है। साथ ही, उनकी प्रतिष्ठा को हुए नुकसान की भरपाई कोई भी राशि नहीं कर सकने की बात भी कही है। फिलवक्त लक्ष्मी पुरी किसी औपचारिक भूमिका में नहीं हैं परंतु उनकी निजी उपलब्धियों और राष्ट्र सेवा पर कोई सदेह नहीं किया जा सकता।

हालाकि अदालती कार्यवाही के दौरान साकेत गोखले अपने रुख पर कायम रहे। कहना गलत नहीं होगा कि साक्ष्य मौजूद होने पर ही उन्हें सार्वजनिक प्लेटफार्म पर इस तरह के आरोप लगाने थे। खुद को सामाजिक कार्यकर्ता बताने वाले गोखले राहुल गांधी से प्रभावित रहे हैं पर कांग्रेस से 2019 में उन्होंने संबंध तोड़ लिया था। क्राउड फंडिंग द्वारा जुटाए गए पैसों की हेराफेरी के आरोपों में 2022 में गोखले को गुजरात पुलिस गिरफ्तार भी कर चुकी है।

मनी लॉन्ड्रिंग के आरापों में ईडी यानी इन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट के शिकंजे में भी वह आ चुके हैं। दागदार छवि के बावजूद साकेत गोखले दूसरों के चरित्र पर कीचड़ उछाल कर अपने पद की गरिमा को भी चुटहिल कर रहे हैं।

रही बात राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की तो उसका भी तो कोई स्तर होना चाहिए। राम मंदिर के खिलाफ और प्रधानमंत्री की अघोषित संपत्ति जैसे मामलों पर याचिकाएं लगा कर सिर्फ विवाद उत्पन्न करना राजनेता को शोभा नहीं देता। टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी को भी अपने इस प्रवक्ता पर सख्ती करनी चाहिए। इससे उनके दल की छवि भी कम धूमिल नहीं होती। यही लोकतंत्र की खूबसूरती है, उच्च सदन का सदस्य होने के बावजूद मानहानि का हक नहीं मिल सकता।

# आम बजट : इंफ्रास्ट्रक्चर विकास जारी रखे सरकार, ढांचागत सुधारों पर हो जोर, इंडस्ट्रीज की मांग

**नई दिल्ली**




भारत सरकार चालू वित्त वर्ष के लिए आम बजट 23 जुलाई को संसद में पेश करेगी। इस बजट से इंडस्ट्री को काफी उम्मीदें हैं। इंडस्ट्री लीडर्स का मानना है कि आर्थिक वृद्धि जारी रखने के लिए ढांचागत सुधारों को जारी रखना होगा। इसके साथ ही इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास भी करना होगा, जिससे भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सके।

इंडस्ट्री चैंबर्स के मुताबिक, सरकार को बजट में ढांचागत सुधारों, स्ट्रैटेजिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, केंद्रीय सेक्टरोल इंसेंटिव और तर्कसंगत कर प्रणाली को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसके जरिए भारत मौजूदा चुनौतियों का सामना कर सकता है और मजबूती से आगे बढने के साथ लंबे समय में एक प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था बना रह सकता है।

एसोचैम ने सुझाव दिया है कि परिवहन, एनर्जी, पानी की आपूर्ति और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के लिए निवेश को बढ़ाया जाए। इससे कनेक्टिविटी बढ़ेगी, उत्पादकता में इजाफा होगा और साथ ही प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

पर्यावरण को लेकर बढ़ती चुनौतियों पर सुझाव देते हुए देश के अग्रणी चैंबर ऑफ कॉमर्स ने कहा कि सरकार को क्लीन टेक्नोलॉजी और रिन्यूएबल एनर्जी सोर्स आदि को कृषि, मैन्युफैक्चरिंग और परिवहन में प्रमोट करने के लिए नई नीतियां और इंसेंटिव लाने चाहिए।

इंडस्ट्री से जुड़े लोगों ने कहा कि सरकार को नियमों को आसान बनाना चाहिए। साथ ही अनुमति और परमिट देने में तेजी लानी चाहिए। साथ ही निवेश आकर्षित करने और परिचालन को तेज बनाने के लिए डिजिटाइजेशन का फायदा उठाना चाहिए।

संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से लेकर 12 अगस्त तक चलेगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को बजट पेश करेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से पहले ही ऐलान किया जा चुका है कि अगले पांच वर्ष गरीबी के खिलाफ काफी अहम होंगे।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने सरकार से व्यापार करने की लागत को कम करने के लिए भूमि पर स्टांप शुल्क को तर्कसंगत बनाने और बिजली दरों पर क्रॉस-सब्सिडी को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने का अनुरोध किया है।

साथ ही सीआईआई ने यह भी सुझाव दिया है कि कोयला मूल्य निर्धारण, आवंटन और परिवहन के लिए कैप्टिव पावर प्लांट (सीपीपीएस) को बिजली क्षेत्र के बराबर लाया जाना चाहिए।

सरकार को नेशनल लॉजिस्टिक पॉलिसी के तहत पेपरलेस लॉजिस्टिक्स के लिए डिजिटाइजेशन जारी रखना चाहिए। इससे समय की बचत होगी और लागत में कमी आएगी।

सीआईआई ने आगे कहा कि सरकार को कॉरपोरेट टैक्स को चालू दर पर रखना चाहिए, जिससे व्यापारी टैक्स को लेकर निश्चिंत रहे। साथ ही जोर देते हुए कहा कि पूंजीगत कर ढांचे को तर्कसंगत बनाया जाना चाहिए।

# एमएसएमई में रोजगार 20 करोड़ के पार, एक वर्ष में 66 प्रतिशत की हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली**



भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) में रोजगार का आंकड़ा 20.2 करोड़ पर पहुंच गया है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के उद्यम रजिस्ट्रेशन पोर्टल के डाटा से ये जानकारी मिली है।

डेटा के मुताबिक, एमएसएमई द्वारा की गई नियुक्तियों में सालाना आधार पर 66 प्रतिशत का उछाल आया है। पिछले वर्ष यह आंकड़ा 12.1 करोड़ नियुक्तियों का था। इन नियुक्तियों में से महिलाओं की संख्या 4.54 करोड़ है।

मौजूदा समय में उद्यम पोर्टल पर 4.68 करोड़ एमएसएमई पंजीकृत हैं। इसमें से 4.6 करोड़ सूक्ष्म हैं, जो सबसे ज्यादा रोजगार के अवसर पैदा करते हैं। सूक्ष्म उद्योग इकाई वह होती है, जहां प्लांट और मशीनरी की वैल्यू एक करोड़ रुपये से ज्यादा की नहीं होती और टर्नओवर पांच करोड़ रुपये तक होता है।

वित्त मंत्री ने इस वर्ष की शुरुआत में मासिक इकोनॉमिक रिपोर्ट में जोर देते हुए कहा था कि एमएसएमई सेक्टर में रोजगार पाने वाले लोगों की संख्या में उद्यम पोर्टल लॉन्च होने के बाद 5.3 गुना का इजाफा हुआ है। सरकार द्वारा इस पोर्टल को जुलाई 2020 में लॉन्च किया गया था।

सरकार ने इस पोर्टल पर एमएसएमई का पंजीकरण प्रोसेस काफी आसान कर दिया है। हर कैटेगरी की परिभाषा तय की गई है, जिससे एमएसएमई सरकार की स्कीमों में दिए जाने वाले लाभ को आसानी से उठा सके।

लघु उद्योग वह होता है। जहां प्लांट और मशीनरी की वैल्यू 10 करोड़ रुपये से ज्यादा की नहीं होती है। और टर्नओवर 50 करोड़ रुपये से कम का होता है। मध्यम उद्योग में प्लांट और मशीनरी की वैल्यू 50 करोड़ रुपये तक की होती है। वहीं, टर्न ओवर 250 करोड़ रुपये से ज्यादा नहीं होता है।

# एक्सेल की ओर से 25 जुलाई को भारत के सबसे बड़े साइबरसिक्योरिटी शिखर सम्मेलन का आयोजन

**नई दिल्ली**

अग्रणी उद्यम पूंजी फर्म एक्सेल की ओर से 25 जुलाई को बेंगलुरु में भारत के सबसे बड़े साइबरसिक्योरिटी शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भारत में प्रारंभिक चरण के साइबरसिक्योरिटी स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए दुनिया भर के सुरक्षा ऑपरेटर, सीआईएसओ और अन्य लोग शामिल होंगे। शिखर सम्मेलन में स्टार्टअप्स को अपने साइबरसिक्योरिटी नवाचारों को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा, वही फोनपे, ग्रो, क्रेड और फ्लिपकार्ट जैसी बड़ी कंपनियों और टेक यूनिकॉर्न के सीआईएसओ के एक समूह के समक्ष अपनी खासियत बताने का भी अवसर होगा। एक्सेल के पार्टनर प्रयांक स्वरूप ने कहा, भारत में बड़ी सॉफ्टवेयर और उपभोक्ता कंपनियों की तेजी से वृद्धि के साथ, बढ़ते खतरों से निपटने में सुरक्षा टीमें भी अत्यधिक कुशल हो गई हैं। एक्सेल ने दुनिया भर में 50 से अधिक साइबरसिक्योरिटी कंपनियों की फंडिंग की है।

# पैकेज्ड फूड पर एफएसएसआई का बड़ा फैसला, अब कंपनियों को बोल्ड और बड़े अक्षरों में बतानी होगी नमक-चीनी और फैट की मात्रा

**नई दिल्ली**



भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के लेबल पर नमक, चीनी और संतृप्त वसा के बारे में बोल्ड अक्षरों के साथ ही बड़े फॉन्ट में जानकारी देने को अनिवार्य करने की तैयारी कर रहा है। नियामक ने शनिवार को इस संबंध में लेबलिंग के नियमों में बदलाव को मंजूरी दी है। एफएसएसएआई के अध्यक्ष अपूर्व चंद्रा की अध्यक्षता में आयोजित खाद्य प्राधिकरण की बैठक में यह फैसला लिया गया। इसमें पोषण संबंधी जानकारी लेबलिंग के संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक (लेबलिंग और प्रदर्शन) विनियम, 2020 में संशोधन को मंजूरी देने का निर्णय लिया गया। संशोधन का मकसद उपभोक्ताओं को उत्पाद के पोषण मूल्य को अच्छी तरह समझने और बेहतर निर्णय लेने में सक्षम बनाना है।

इस संशोधन से संबंधित मसौदा अधिसूचना अब सुझावों एवं आपत्तियों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से पब्लिक डोमेन में रखा जाएगा। कुल चीनी, कुल संतृप्त वसा और सोडियम सामग्री की जानकारी प्रतिशत में दी जाएगी और इसे मोटे और बड़े अक्षरों में लिखा जाएगा।बता दें कि एफएसएसएआई झूठे और भ्रामक दावों को रोकने के लिए समय-समय पर सलाह जारी करता है। इनमें 'हेल्थ ड्रिंक' शब्द को हटाने के लिए ई-कॉमर्स वेबसाइट को भेजी गई सलाह शामिल है।

इसके अलावा, सभी खाद्य व्यवसाय ऑपरेटरों (एफबीओ) को फलों के रस के लेबल एवं विज्ञापनों से 'शत-प्रतिशत फलों के रस' से संबंधित किसी भी दावे, गेहूं का आटा/परिष्कृत गेहूं का आटा जैसे शब्द के उपयोग, खाद्य वनस्पति तेल आदि के लिए पोषक तत्व संबंधी दावे को हटाना अनिवार्य करने का निर्देश दिया गया है।

# जीरो से हीरो बने अभिषेक शर्मा ने सफलता के लिए पिता की सलाह को दिया श्रेय

**हरारे**



जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज के दूसरे मैच में यंग टीम इंडिया ने शानदार कमबैक करते हुए मेजबान टीम को 100 रनों से हराया। इस जीत के सबसे बड़े हीरो रहे युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा, जिन्होंने डेब्यू मैच में शून्य पर आउट होने के बाद अगले ही मैच में शतक जड़ा।

अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का दूसरा टी20 मैच खेल रहे 23 वर्षीय ऑलराउंडर ने रविवार को 46 गेंदों में तूफानी शतक जड़ा।

46 गेंदों में बनाया गया यह शतक पुरुषों के टी20आई में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाया गया संयुक्त तीसरा सबसे तेज शतक है।

रोहित शर्मा का 2017 में 35 गेंदों में शतक और सूर्यकुमार यादव का 2023 में 45 गेंदों में शतक, दोनों ही श्रीलंका के खिलाफ भारत के लिए दो सबसे तेज शतक हैं। जबकि केएल राहुल ने भी 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 46 गेंदों में ही शतक जड़ा था।

पोस्ट मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में अभिषेक ने कहा, यह मेरी कड़ी मेहनत का फल है। मेरे पिता का विशेष धन्यवाद, जिन्होंने मुझे हमेशा लॉफ्टेड शॉट (जहां बल्लेबाज गेंद को बड़ा शॉट खेलने के इरादे से क्षेत्ररक्षकों के सिर के ऊपर से मारने की कोशिश करता है) खेलने के लिए प्रेरित किया।

आमतौर पर कोच आपको लॉफ्टेड शॉट खेलने की अनुमति नहीं देते हैं। मेरे पिता मुझसे कहते थे कि अगर तुम लॉफ्टेड शॉट खेलना चाहते हो, तो उसे मैदान से बाहर जाना चाहिए। मेरे लिए, यह बचपन से ही रहा है कि अगर मैं आत्मविश्वास से भरा हूं, तो मैं खुद को अभिव्यक्त करना पसंद करता हूं।

युवा खिलाड़ी ने छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया और फिर 14वें ओवर में लगातार तीन छक्के लगाकर अपना शतक पूरा किया, जिससे वह पुरुष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय बन गए।

शुभमन गिल ने भी कुछ ऐसा ही किया है, लेकिन उनके लगातार छक्कों ने उन्हें 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में 200 रन पूरे करने में मदद की।

# कार्लोस अल्काराज का क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के टॉमी पॉल से मुकाबला

**लंदन**



गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने रविवार को विंबलडन चैंपियनशिप में पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। अब उनका मुकाबला अमेरिका के टॉमी पॉल से होगा।

कार्लोस अल्काराज ने सेंटर कोर्ट पर उगो हम्बर्ट पर 6-3, 6-4, 1-6, 7-5 से आसान जीत दर्ज की। यह नौवीं बार है जब अल्काराज किसी बड़े टूर्नामेंट के अंतिम आठ दौर में पहुंचने में सफल रहे हैं।

21 वर्षीय अल्काराज ने शुरुआती दो सेट 6-3, 6-4 से जीते, लेकिन तीसरे सेट में वो संघर्ष करते नजर आए, उगो हम्बर्ट ने शानदार कमबैक करते हुए तीसरा सेट 6-1 से जीता।

जानकारी के अनुसार, चौथे सेट में अल्काराज और 26 वर्षीय हम्बर्ट दोनों ने उतार-चढ़ाव देखे, लेकिन स्पेन के तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने शानदार कमबैक करते हुए 7-5 से जीत हासिल की।

अल्काराज़ ने मुकाबले के बाद कहा, मुझे लगा कि वह हर पॉइंट पर मेरे सर्व और मेरे शॉट्स को बहुत अच्छी तरह से पढ़ रहा था। उस समय यह मेरे लिए काफी चुनौतीपूर्ण था लेकिन टेनिस ऐसा ही है। चौथे सेट में, कुछ सर्व ऐसे थे जो मैंने बहुत अच्छे से किए और मैंने उस गेम को बचा लिया। एक तरह से मैंने अपने टेनिस के स्तर को बेहतर किया, अपनी तीव्रता बढ़ाई और अंत में जीत हासिल की।

अल्काराज का सामना अब सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अमेरिका के टॉमी पॉल से होगा जिन्होंने पुरुष सिंगल्स वर्ग के एक अन्य मुकाबले में स्पेन के रॉबर्टो बतिस्ता ऑगुट को हराया। पॉल पहली बार विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं।

# बाहुबली के डायरेक्टर की बायोग्राफी मॉडर्न मास्टर्स: एस.एस राजामौली की रिलीज डेट आउट




बाहुबली और आरआरआर जैसी मेगा-ब्लॉकबस्टर फिल्म के डायरेक्टर एस.एस राजामौली की बायोग्राफी डॉक्यूमेंट्री की रिलीज डेटा का एलान हो गया है. नेटफ्लिक्स ने दिग्गज डायरेक्टर की बायोग्राफी का एलान कर एक पोस्टर भी छोड़ा है. नेटफ्लिक्स ने राजामौली की बायोग्राफी के टाइटल के साथ-साथ इसकी रिलीज डेट का भी एलान किया है. अब सोशल मीडिया पर इसका खूब हल्ला मच रहा है.

नेटफ्लिक्स राजामौली की बायोग्राफी डॉक्यूमेंट्री को लेकर लंबे समय से चर्चा में था. राजामौली की डॉक्यूमेंट्री की नाम मॉडर्न मास्टर्स: एस एस राजामौली है, जिसे अपलोज एंटरटेनमेंट और फिल्म कंपेनियोन बनाया है.

राजामौली की डॉक्यूमेंट्री पहली ऐसी फिल्म है, जो फिल्म और उनके डायरेक्टर पर बात करती है. उन लोगों की बात करती हैं जो इंडियन सिनेमा के मास्टर्स हैं, जिनका सिनेमा अलग दुनिया का है. बता दें, नेटफ्लिक्स आगामी 2 अगस्त को राजामौली की बायोग्राफी डॉक्यूमेंट्री स्ट्रीम करने जा रहा है.

वहीं, सोशल मीडिया पर राजामौली की फिल्मों के दिवाने फैंस अब उन्हें बधाईयां दे रहे हैं और कह रहे हैं कि उन्हें 2 अगस्त का बेसब्री से इंतजार है. एक्स हैंडल पर राजामौली के फैंस उनकी इस डॉक्यूमेंट्री के पोस्टर को शेयर कर अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं.

# द बकिंघम मर्डर्स की रिलीज डेट आउट, 13 सितंबर को पर्दे पर आएगी करीना कपूर की मर्डर मिस्ट्री




बॉलीवुड की बेबो करीना कपूर खान इस साल फिल्म क्रू से बॉक्स ऑफिस पर छाई थीं. मौजूदा साल में करीना एक्शन फिल्मों के डायरेक्टर रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स की फिल्म सिंघम अगेन में भी धमाका करती दिखेंगी. इससे पहले एक्ट्रेस हंसल मेहता की फिल्म द बकिंघम मर्डर्स में नजर आएंगी. फिल्म द बकिंघम मर्डर्स की रिलीज डेट का एलान हो चुका है.

द बकिंघम मर्डर्स एक मर्डर मिस्ट्री फिल्म है. द बकिंघम मर्डर्स के मेकर्स बालाजी मोशन पिक्चर्स ने आज फिल्म से करीना कपूर खान का नया पोस्टर जारी कर इसकी रिलीज डेट का एलान कर दिया है. फिल्म द बकिंघम मर्डर्स आगामी 13 सितंबर को रिलीज होने जा रही है. बता दें, 13 सितंबर को सारा अली खान, आदित्य रॉय कपूर स्टारर फिल्म मैट्रो इन दिनों रिलीज होने जा रही थी, जो अब 29 नवंबर 2024 को रिलीज होगी.

# प्रभु देवा की डांसिंग फिल्म के टाइटल मून वॉक का एलान, फर्स्ट लुक पोस्टर आउट



इंडियन फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज कोरियोग्राफर प्रभु देवा अपने फैंस के लिए फिर हाजिर हैं एक फुल डांसिंग फिल्म लेकर. प्रभु देवा ने बीती 22 मार्च 2024 को अपनी नई डांसिंग फिल्म का एलान किया था और अपनी सुपरहिट फिल्म हम से है मुकाबला के हिट सॉन्ग मुकाबला के हुकअप स्टेप्स के पोस्टर शेयर किए थे. बीती 22 मार्च 2024 से प्रभु देवा के फैंस को उनकी इस फिल्म के नाम और इसकी रिलीज डेट के एलान का इंतजार था. प्रभु देवा ने अपनी इस फिल्म से एक तोहफा अपने फैंस को दिया है. प्रभु देवा ने अपनी इस फिल्म के नाम का खुलासा कर दिया है. साथ ही फिल्म की पूरी स्टार कास्ट के नाम भी गिना दिए हैं.

फिल्म मून वॉक में दिग्गज कंपोजर एआर रहमान का म्यूजिक होगा. यह छठवीं बार होगा, जब प्रभु देवा और एआर रहमान एक साथ कोई फिल्म करने जा रहे हैं. इस जोड़ी ने फिल्म हमसे है मुकाबला से ऐसा धमाका मचाया था, जो आज तक भी लोग भूले नहीं हैं. फिल्म का हिट सॉन्ग मुकाबला आज भी हिट सॉन्ग की लिस्ट में है. अब एआर रहमान और प्रभु देवा अपने सिनेमैटिक प्रोजेक्ट के लिए साथ लौटे हैं.

मून वॉक को मनोज एनएस डायरेक्ट करने जा रहे हैं. इस फिल्म में प्रभु देवा के साथ-साथ अपनी कॉमिक टाइमिंग से हंसाने वाले योगी बाबू, अजू वर्गीस, अर्जुन अशोकन, सेट्ज, निश्मा चेंगपा, सुष्तिमा नायक, रेडिन किंग्स्ले, मोट्टई राजेंद्रन, सिंघमपुली, टीएसआर श्रीनिवासन, दीपा शंकर, डॉ. संतोष जैकब और रामकुमार नटराजन अहम रोल में नजर आएंगे. दिव्या मनोज और डॉक्टर प्रवीन एलॉक ने फिल्म को प्रोड्यूस किया है. बिहाइंडवुड्स फिल्म को पेश कर रहे हैं.

# शब्द सामर्थ्य- 112

**बाएं से दाएं :**

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 111 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | | सा | म | ना | | कै | दी |
| व | | ख | ल | ना | य | क | | वा |
| लं | प | ट | | ना | क | क | ट | ना |
| बी | | प | | | | ड़ी | | प |
| | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | |
| म | क | र | | सी | ल | | | |
| त | | क्षा | | द | वा | खा | ना | |

# सू-दोकू- 112

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 111 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

# आज का राशिफल

***मेष:*** आज आपका दिन अच्छा जाने वाला है। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज पारिवारिक सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। आज किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बनायेंगे।

***वृष:*** आज आपका दिन सकारात्मक उर्जा से भरा रहेगा। आज मनपसंद वाहन लेने की ओर आपका ध्यान आकर्षित होगा। बेटी का किसी मनचाहे फील्ड में सिलेक्शन होने के योग बन रहे हैं। आपके वैवाहिक जीवन में खुशियों का आगमन होगा।

***मिथुन:*** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज ऑयली खान पान से स्वास्थ के प्रति दुष्परिणाम हो सकते हैं। राजनीति में आज आपके कार्यभार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। दांपत्य जीवन की अनबन आज समाप्त होगी।

***कर्क:*** आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज सबके प्रति स्नेहपूर्वक रहे। आज समझदारी से बातों को समझेंगे। आज आपके लिए आय के नए मार्ग प्रदर्शित होंगे। विद्यार्थियों की आज लेखन कार्य में रूचि बढ़ेगी।

***सिंह:*** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आपके मनोबल में वृद्धि होगी। कार्य क्षेत्र में आपकी मेहनत सफलता दिलाएगी। व्यापार की शिथिलता से आपको राहत मिलेगी। आज आपकी सेल्स में बढ़ोतरी होगी।

***कन्या:*** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप पेंडिग वर्क को आज पूरा करने में व्यस्त रहेंगे, आज किसी अनजान व्यक्ति से आपको मिलकर अच्छा लगेगा।आपकी आर्थिक स्थिति सामान्य बनी रहेगी।

***तुला:*** आज का दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी।

***वृश्चिक:*** आज का दिन आपके लिए नयी खुशियां लायेगा। आपको स्वास्थ्य से लाभ मिलेगा। आपकी आँखों की समस्या के लिए आज किसी अच्छे डॉक्टर कों दिखाए जिससे आपको कुछ अच्छा फील होगा।

***धनु:*** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। सामाजिक कार्यों में रूचि लेने वाले लोगों को सम्मानित किया जायेगा। स्वास्थ सम्बंधित समस्या से राहत का एहसास होगा।

***मकर:*** आज आपका दिन एक सुनहरा पल लेकर आएगा। आपके व्यापार में इजाफा होगा,जिससे खुशी का माहौल रहेगा। आपके किसी मित्र से सहयोग मिलेगा। बेकरी का बिजनेस करने वालों की बिक्री में बढ़ोतरी होगी जिससे अधिक लाभ मिलेगा।

***कुंभ:*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपकी काम के प्रति लगन और निष्ठा बढ़ेगी जिससे आपको अपने काम में सफलता भी मिलेगी। सुख शांति बढ़ेगी और मन प्रसन्न रहेगा। रुकी हुई योजनाएं फिर से चालू हो जाएगी।

***मीन:*** आज आपका दिन बहुत ही खुशियों से भरा होगा। आज आप नये वाहन की खरीदारी करेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। किसी नयी जगह पर आज घूमने जाएंगे जिस से नये जीवन का एक नया पाठ सीखेंगे।